### वृद्ध पिता को मानसिक रोगी बताकर पारिवारिक कराया बंटवारा

# पिता की संपत्ति हड़पने और सगे भाई को संपत्ति से वंचित करने का प्रयास कर झूठे केस में फंसाया



**पीपुल्स प्रवक्ता, देवास।**


जिले के हाटपिपल्या से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है जहां पारिवारिक जमीन के विवाद में वृद्ध स्वस्थ पिता को मानसिक रोगी बताकर सहमति से पारिवारिक बंटवारे के बावजूद अपने वृद्ध पिता और सगे भाई को पिता की अचल संपत्ति से वंचित किया जा रहा था। कलेक्टर के समक्ष जनसुनवाई में आवेदक अजय सिंह ने आवेदन देकर उक्त जानकारी से अवगत कराया। जिसमें बताया गया कि सुरजसिह के दो पुत्र चेतनसिह और आनंद सिंह के बीच उनकी परीवारिक अचल संपत्ति का नोटराइज्ड बंटवारा पुरे परिवार की उपस्थिति में कर दिया गया था। जिस पर आनंद सिंह द्वारा लालच के चलते बंटवारे से बाहर जाकर चेतनसिह के हिस्से में आई भुमि ग्राम नीमखेडा तहसील उदयनगर का विक्रय कर संपुर्ण राशि अपने बैक खाते से ले ली।

जिस पर चेतनसिह को जानकारी मिलने पर राजस्व और पुलिस प्रशासन में शिकायत दर्ज करवाई लेकिन आनंद सिंह द्वारा तहसीलदार उदयनगर से मिलकर आपत्ति की सुनवाई किए बगैर नामांतरण कर दिया इस पर आनंद सिंह ने पुलिस प्रशासन से मिलकर चेतनसिह और उनके दोनों पुत्रो के विरुद्ध फर्जी रजिस्ट्री की कायमी करवा दी। जबकि मामला कहीं से कही तक फौजदारी का नही होकर सिविल प्रकृति का है। इस पर पुलिस से मिलकर आनंदसिह द्वारा चेतनसिह और उसके परिवार को बहुत प्रताड़ित किया गया। चेतनसिह और उसके पुत्रों की जमानत रद्द करवाने के लिए एक अन्य प्रकरण भी उपर से कायम करवा कर न्यायालय में जमानत रद्द करने का आवेदन दे दिया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि जांच अधिकारी भीमलाल गणवा ने पूर्वागृह से ग्रसित होकर आनंदसिंह के इशारे पर कार्यवाही की और तीन बार थाने पर शिकायत देने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं की यहां तक कि हेल्पलाइन पर की गई शिकायत पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई आरोपी खुलेआम धमकी देते रहे कि तुम कुछ नहीं कर पाओगे क्योंकि पुलिस और सत्ता हमारी जेब में है।

आनंद सिंह लगातार झूठे दस्तावेज और बयान देकर कभी पिता को कभी मानसिक रूप से अस्थिर बताकर संपत्ति पर एकतरफा कब्जा कर रहे हैं पीड़ित ने आवेदन के माध्यम से बताया कि उनके द्वारा दर्ज करवाई गई शिकायतों पर कोई उचित कार्रवाई नहीं हुई। पूरे षड्यंत्र में आनंद सिंह ने अपने लड़के युवराज सिंह, गौरव पटेल, ट्रैक्टर चालक सचिन पटेल और अन्य लड़कों के साथ मिलकर अंकुरित सोयाबीन की फसल पर ट्रैक्टर चलवाकर पूरी खेती को तहस-नहस कर दिया जिससे न सिर्फ आर्थिक नुकसान हुआ बल्कि पूरे परिवार को गहरा मानसिक आघात पहुँचा और जब पीड़ित ने इसका विरोध किया तो उन्हें धमकाया गया कि तुम्हारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता क्योंकि हमारे पास सबका समर्थन है। साथ ही हाल ही में चेतनसिह और उनके पुत्रों के हिस्से व स्वामित्व की भुमि पर अवैध रूप से अपने दो साथियों सचिन पटेल और युवराजसिंह व गौरव पटेल को ट्रेक्टर लेकर भुमि पर लगी सोयाबीन की फसल पर ट्रेक्टर चलाकर नष्ट कर कब्जा करने का प्रयास किया, आवेदन में बताया कि चेतनसिह और उसके परिवार ने पुलिस और प्रशासन को हर बार शिकायत की किंतु उनकी सुनवाई कोई नहीं कर रहा है और उल्टे उनके ही उपर झुठी कार्यवाही कर उनको सुनियोजित ढंग से प्रताड़ित किया जा रहा है। जिसकी निष्पक्ष जांच कर षड्यंत्र में शामिल दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई होना चाहिए।

यह सब दर्शाता है कि यह कोई सामान्य विवाद नहीं बल्कि योजनाबद्ध शोषण और जबरदस्ती का मामला है और अब पूरे परिवार को झूठे मुकदमों में उलझाकर व्यापार और सामाजिक प्रतिष्ठा को भी नुकसान पहुंचाया, अगर समय रहते निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो पीड़ित पक्ष द्वारा आत्महत्या जैसे कदम उठाए जाने की नौबत आ सकती है जिसकी पूरी जिम्मेदारी सिर्फ प्रशासन की होगी।

# पेंशनर संघ ने रायसिंह सेंधव को जन्मदिन पर दी बधाई



**पीपुल्स प्रवक्ता, देवास।**

पेंशनर एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ जिला देवास ने भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव को उनके जन्मदिन के अवसर पर उनके मुखर्जी नगर स्थित गेस्ट हाउस पर जा कर बधाई, शुभकामनाएं दी एवं शतायु होने की ईश्वर से प्रार्थना की। इसके पहले पूर्व संध्या पर सेंधव के अग्रज कमलसिंह टांक ब्लाक समन्वयक बी आर सी की अधिवार्षिकी अवधि पूर्ण होने पर आयोजित सेवा निवृत्ति बिदाई समारोह में चौबारा धीरा जाकर साफा पहनाकर शाल मोतियों की माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया।

## इंदौर में आरटीओ ने की स्कूली वाहनों की जांच

**इंदौर।** इंदौर में स्कूली वाहनों की आरटीओ द्वारा विशेष चेकिंग की जा रही है। जिसमें वाहन की गति, स्पीड गवर्नर सहित दस्तावेज की जांच हो रही है। बच्चों, पालकों से ड्राइवर-कंडक्टर के व्यवहार के बारे में फीडबैक भी लिया जा रहा है। शहर में अलग-अलग क्षेत्र जैसे विजयनगर, पिपलिया हाना, रिंग रोड क्षेत्र में संचालित स्कूली की वाहनों की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान 10 स्कूली वाहन ओमनी वेन, ऑटो बिना दस्तावेज के स्कूली बच्चों का परिवहन करते पाए गए, जिन्हें जब्त किया गया। इन वाहनों में बच्चे भी क्षमता से अधिक थे। इससे पहले सोमवार को भी आरटीओ और ट्रैफिक पुलिस ने कार्यवाही की थी। 5 बसों के फिटनेस निरस्त किए गए तो 16 बसों पर चालानी कार्रवाई की गई। आरटीओ प्रदीप शर्मा ने बताया धार रोड क्षेत्र में स्थित एक स्कूल कैंपस में वाहनों की आकस्मिक चेकिंग की गई थी।

### साध्वीजी तत्वरसा श्रीजी का नगर प्रवेश संपन्न

# आलस्य ही आत्मा को परमात्मा बनने में अवरोध पैदा करता है: साध्वीजी

**पीपुल्स प्रवक्ता, देवास।**

श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर में चातुर्मास हेतु पदार्पण कर रहे साध्वीजी तत्वरसा श्रीजी के नगर प्रवेश की भव्य यात्रा आयोजित की गई। चम्पापुरी वासुपूज्य धाम से मुनिसुव्रत स्वामी वीरमणि धाम तक यह भव्य यात्रा निकाली गई। इस वर्ष साध्वीजी श्री तत्वरसा श्रीजी, तत्वश्रेया श्रीजी, तत्वसम्प्रज्ञा श्रीजी, तत्वश्रमणा श्रीजी आदि ठाणा चार का चातुर्मास संपन्न होने जा रहा है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन, महिला पुरूष उपस्थित रहे। प्रभु एवं गुरूदेव की जय जयकार के गगनभेदी नारों के साथ साध्वीजी की अगवानी एवं स्वागत किया गया।

प्रवक्ता विजय जैन ने बताया कि 1 जुलाई मंगलवार को सुबह 7.30 बजे चम्पापुरी धाम पंचशील नगर में नवकारशी के पश्चात नगर प्रवेश की भव्य यात्रा प्रारंभ हुई जो कि भ्रमण करते हुए श्री मुनिसुव्रत स्वामी वीरमणि धाम सिविल लाईन्स पर विशाल धर्मसभा के रूप में परिवर्तित हुई। धर्मसभा को उपदेशित करते हुए साध्वीजी ने कहा कि आत्मसाधना करने में, धर्म ध्यान करने में एवं आत्मा को कल्याणमार्ग पर प्रशस्त करने वाली क्रियाओं में कभी भी प्रमाद यानी आलस्य मत करो। अर्थात संसार की सभी क्रियाएं करते हुए भी अपने आप को एवं अपनी शाश्वत आत्मा को मत भूलो। हमारी आत्मा किन उपायों से पुष्ट बनेगी उसका प्रतिपल ध्यान रखना होगा। उत्तराध्ययन सूत्र में प्रभु महावीर स्वामी ने भी अपने प्रधान शिष्य गौतम स्वामीजी को सम्बोधित करते हुए कहा है कि हे गौतम एक समय मात्र का भी प्रमाद आलस्य मत करो। प्रभु ने कभी भी खाने पीने, घूमने फिरने, भौतिक सम्पदा खड़ी करने या इंद्रियों के सुख भोगने में आलस्य नहीं करने की बात नहीं कही। प्रभु ने तो आत्मकल्याण एवं धर्म आराधना में प्रतिरोध बनने वाले आलस्य प्रमाद को दूर हटाने की बात कही है। क्योंकि आलस्य ही आत्मा को परमात्मा बनने में अवरोध पैदा करता है। जिस प्रकार घास के अग्रभाग पर ओस के जल का बिंदू चमकता है किंतु उसकी चमक सूर्य की किरण पडने तक ही ठहरती है फिर सूख जाती है। उसी प्रकार मनुष्य का जीवन अल्पकालिक है, हम सभी को प्रमाद का त्याग करके जीवन के प्रत्येक पल का सदकार्यो में सदुपयोग करना चाहिये क्योंकि जीवन क्षणिक है न जाने किस वक्त समाप्त हो जाएगा।

**आगामी आयोजन-** मुनिसुव्रत स्वामी वीरमणि उपाश्रय सिविल लाईन में चार दिवसीय प्रवचन श्रृंखला का भी शुभारंभ हुआ जो कि 4 जुलाई तक प्रतिदिन सुबह 9.15 बजे प्रारंभ होगी। 6 जुलाई रविवार को पूज्यश्री का चातुर्मासिक प्रवेश होगा।

# डॉक्टर्स डे पर भारतीय मजदूर संघ ने किया डॉक्टरों का सम्मान

**पीपुल्स प्रवक्ता, देवास।**

डॉक्टर्स डे पर भारतीय मजदूर संघ द्वारा डॉक्टरों का सम्मान किया गया। भारतीय मजदूर संघ जिला मंत्री अमित पांडे ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ सामाजिक सरोकार से जुड़े हुए समाज सेवकों का सम्मान करता है। इसी कड़ी में डॉक्टर्स डे के अवसर पर नाक, कान, गला विशेषज्ञ डॉ. कमल किशोर प्रजापति, गायनोलॉजिस्ट डॉ. मनोज एवं मनोचिकित्सक डॉ. धर्मेन्द्र प्रजापति, सीनियर आडियोलॉजिस्ट डॉ. सुधीर पांडे का राम दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया।



## सौगात: मेडिकल कॉलेज में कैंसर मरीजों को मिलेगी सकेगी रेडियो थेरेपी

**पीपुल्स प्रवक्ता, उज्जैन।**

उज्जैन में 592 करोड़ रुपए में बन रही मेडिसिटी ( मेडिकल कॉलेज) के बन जाने के बाद कैंसर के मरीजों को लिए रेडियो थेरेपी भी हो सकेगी। यहां के मरीजों को अब इंदौर या अहमदाबाद नहीं जाना होगा। इसके लिए AERB द्वारा मेडिकल एक्सीलेरेटर इंस्टॉलेशन के लिए साइट एवं लेआउट स्वीकृति मिल गयी है। मध्य प्रदेश की पहली मेडिसिटी उज्जैन में बन रही है। इसमें मेडिकल कॉलेज के अतिरिक्त नर्सिंग कॉलेज, पैरामेडिकल कॉलेज, अनुसंधान सुविधा के अतिरिक्त डॉक्टर, अधिकारी-कर्मचारियों के लिए आवास उपलब्ध रहेंगे। लेकिन अब इसमें नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। एटॉमिक एनर्जी रेगुलेटरी बोर्डद्वारा मेडिकल एक्सीलेरेटर की स्थापना के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज स्वीकृति मिल गई है। उज्जैन में इस थेरपी के लिए साइट एवं ले आउट फाइनल हो चुका है। अब जल्द ही मेडिकल कॉलेज के साथ कैंसर मरीजों के यहां बड़ी राहत मिल सकेगी। उज्जैन कलेक्टर रोशन सिंह ने बताया कि शहर को बड़ी सौगात मिली है। यहां पर कैंसर मरीजों को अब रेडियो थेरेपी ( सिकाई) के लिए अन्य बड़ो शहरों में चक्कर नहीं लगाने होंगे। कॉलेज में बाद में बिस्तरों की संख्या बढ़ाई जाएगी। कॉलेज 592 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जाएगा।

# इंदौर के खजराना गणेश का बनेगा नया स्वर्ण मुकुट

**इंदौर।** इंदौर के खजराना गणेश का नया सोने का मुकुट बनेगा। इसकी डिजाइन भी फाइनल हो गई है। पहले करीब 3 किलो चांदी का मुकुट बनेगा। इसे भगवान को पहनाकर देखा जाएगा। डिजाइन और साइज सभी ठीक रहा तो इसी डिजाइन का सोने का मुकुट तैयार किया जाएगा। भगवान के पुराने सोने के एक मुकुट में क्रैक आ गया था, जिसके चलते नया सोने का मुकुट बनाने का निर्णय कुछ समय पहले लिया गया। इसके लिए एक समिति का भी गठन किया है। भगवान गणेश के साथ ही रिद्धि-सिद्धि और शुभ-लाभ के भी नए मुकुट तैयार किए जाएंगे। करीब 6-7 किलो सोने का भगवान गणेश का मुकुट तैयार किया जाएगा। बता दें, इंदौर का खजराना गणेश मंदिर लाखों भक्तों की आस्था का केंद्र है। रोजाना हजारों भक्त यहां भगवान के दर्शन को आते हैं। त्योहार पर ये संख्या काफी बढ़ जाती है। गणेश चतुर्थी, तिल चतुर्थी पर बड़ी संख्या में भक्त यहां भगवान के दर्शन करने आते हैं। इसके अलावा नए साल पर भी काफी संख्या में यहां भक्त आते हैं। वहीं, बुधवार और रविवार को भी यहां भक्तों की संख्या बाकी दिनों से ज्यादा रहती है।

# मिश्रा की सेवानिवृत्ति पर शिक्षक संघ जिला देवास ने किया सम्मान



पीपुल्स प्रवक्ता, देवास। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के सदस्य ऐश्वर्य कुमार मिश्रा के सेवानिवृत होने पर मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला देवास द्वारा अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# घूमने निकले पांच दोस्तों में दो की मौत

**पीपुल्स प्रवक्ता, इंदौर।**

इंदौर के तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में बायपास स्थित ब्रिज के पास सोमवार देर रात करीब 2 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में दो इंजीनियरिंग छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी छात्र महेश्वर के पास ढापला गांव के रहने वाले थे और इंदौर में रहकर पढ़ाई कर रहे थे। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान धीरज पाटीदार (20) पुत्र किशोर पाटीदार निवासी ग्राम ढापला, थाना मंडलेश्वर और धुव्र पाटीदार पुत्र डालूराम पाटीदार, निवासी धरगांव, मंडलेश्वर के रूप में हुई है। दोनों इंदौर के एक इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटेक कर रहे थे और रेडियो कॉलोनी में किराए के फ्लैट में रहते थे। हादसे में हेमंत पाटीदार, आदित्य और यशराज नामक तीन छात्र घायल हुए हैं। इनमें हेमंत महाराणा रणजीत सिंह कॉलेज से बीएससी कर रहा है। सभी घायलों को इलाज के लिए अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कार धीरज लेकर आया था।

### टीएल बैठक में लगातार समीक्षा के परिणाम

# सेवानिवृत्तिकों को सेवा निवृत्ति के साथ ही मिले पीपीओ और पेंशन स्वीकृति आदेश

**शैलेश शर्मा**

**पीपुल्स प्रवक्ता, आष्टा (सीहोर)।**



जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित विदाई समारोह में अनेक विभागों के 41 सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों-कर्मचारियों को कलेक्टर बालागुरु के. तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने फूलमाला पहनाकर, शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया तथा पीपीओ और पेंशन स्वीकृति आदेश प्रदान किए।

विदाई समारोह में कलेक्टर बालागुरू के. ने सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के स्वास्थ्य और सुदीर्घ जीवन की कामना करते हुए कहा कि आप सभी ने अपने सेवा काल में उत्कृष्ट कार्य किया है, जो आपकी कार्यकुशलता को दर्शाता है। सभी सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी अपने जीवन के सबसे महत्वपूर्ण और सबसे ज्यादा समय कार्यालय या शासकीय कार्यों में बिताते हैं शासकीय सेवा में आने के बाद सेवानिवृत्ति तक पूरी निष्ठा और लगन से आपने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया है। उन्होंने कहा कि शासकीय सेवक अनुभवों का खजाना है। सेवानिवृत्ति के बाद आपके अनुभवों का समाज को लाभ मिलेगा। कलेक्टर बालागुरु के. द्वारा सेवानिवृत्ति के उपरान्त तुरन्त पेंशन मिल सके इसके लिए टीएल बैठक में लगातार पेंशन प्रकरणों की नियमित विभागवार विस्तार से समीक्षा की जा रही है। कलेक्टर बालागुरु के द्वारा की जा रही इस समीक्षा का नतीजा यह हुआ कि सेवानिवृत्ति के दिन ही अधिकारी-कर्मचारियों को अपने स्वत्वों के भुगतान तथा पेंशन स्वीकृति के आदेश मिले हैं।

अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह ने बताया कि कलेक्टर बालागुरु के. के निर्देश पर पिछले कई महीनों से हर एक विभाग के एक-एक पेंशन प्रकरण की विस्तार से समीक्षा की जा रही है। कलेक्टर बालागुरू के हर टीएल मीटिंग में स्वयं गहन समीक्षा कर रहे है। कई ऐसे अधिकारी कर्मचारी हैं जिन्हें छोटी-छोटी आपत्तियों के चलते पेंशन स्वीकृति में विलंब हो रहा था उनकी नियमित समीक्षा के दौरान इन आपत्तियों का शीघ्र निराकरण किया गया और जिन प्रकरणों में कमियॉ थी उनकी पूर्ति कराई गई। पेंशन प्रकरणों की समीक्षा का परिणाम यह हुआ कि सेवानिवृत्ति के साथ ही 41 शासकीय सेवकों को पेंशन और स्वत्वों का भुगतान प्राप्त हो गया है। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर सुवंदना राजपूत, आनंद सिंह राजावत, एसडीएम नितिन टाले, तन्मय वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती स्वाति मिश्रा, सुधीर कुशवाह सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। टीएल बैठक के दौरान कलेक्टर बालागुरु के ने विभिन्न विभागों के 41 अधिकारियों-कर्मचारियों को पीपीओ एवं पेंशन स्वीकृति आदेश प्रदान किए हैं।

# प्रतिनिधि मण्डल की अनुशंसा पर दिग्विजय सिंह ने दी 11 लाख की राशी

**पीपुल्स प्रवक्ता, आष्टा।**

मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वर्तमान राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह से स्थानीय आष्टा नगर का सैंधव राजपुत समाज प्रतिनिधि मण्डल गत् दिवस भोपाल में मिला जहां प्रतिनिधि मण्डल ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय को स्थानीय आष्टा नगर के सेमनरी रोड पर नगर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पुर्व जनपद अध्यक्ष स्व. रतन सिंह ठाकुर की स्मृति मे सैंधव राजपुत समाज छात्रावास के निर्माण एवं सुभाष चंद्र बोस वार्ड क्रमांक 16 के अतिरिक्त कक्ष निर्माण को लेकर राशी प्रदान करने संबंधी अनुशंसा पत्र सौपा जिस पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय ने दैर ना करते हुए।

तत्काल प्रभाव से सीहोर कलेक्टर को अपनी राज्यसभा सांसद निधि से 11 लाख रुपये की राशी दिये जाने का अनुशंसा पत्र जारी किया अनुशंसा पत्र में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने सीहोर कलेक्टर को जानकारी देते हुऐ बताया कि सैंधव राजपुत समाज छात्रावास सेमनरी रोड आष्टा जिला सीहोर एवं नगर पालिका क्षेत्र आष्टा वार्ड क्रमांक 16 सुभाष चंद्र बोस वार्ड में निर्मित होने वाले कक्ष के लिऐ मै अपनी राज्यसभा सांसद निधि 2025-26 से निम्नलिखित निर्माण /स्थापना कार्य को कराने की अनुशंसा करता हूं अतऐव मेरा आपसे अनुरोध है कि उक्त कार्य की संविक्षा कर मंजुरी देने तथा संबंधित को राशी जारी करने का कष्ट करे वही अनुशंसा पत्र में जिला कलेक्टर सीहौर को कुमार सिंह भाटी अध्यक्ष सैंधव राजपुत समाज विकास कैंद्र आष्टा दर्शाया गया। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा सैंधव राजपुत समाज द्वारा निर्माण किये जा रहे।